# सोते समय मां और तीन बेटियों की पत्थर से सिर फोडकर हत्या

## करधनी क्षेत्र की गोविंद वाटिका में गुरूवार देर रात की घटना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके की गोविंद वाटिका में गुरुवार देर रात एक परिवार में मां और उसकी तीन बेटियों की हत्या से सनसनी फैल गई। शुक्रवार सुबह घर में चार शव मिलने के बाद घटना का खुलासा हुआ। मृतकों की पहचान गीता झा (40), उसकी बेटियां नंदनी (22), राधिका (17) और गिरीश उर्फ गौरी (14) के रूप में हुई है। चारों के सिर और चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को मौके से हत्या में इस्तेमाल किए गए दो पत्थर और खून से सने कपड़े मिले हैं।

जयपुर पश्चिम डीसीपी प्रशांत किरण के अनुसार पुलिस कंट्रोल रूम को शुक्रवार सुबह गोविंद वाटिका स्थित प्लॉट नंबर ए-169 में चार शव पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। गीता का शव मकान की पहली मंजिल पर बने कमरे में मिला, जबकि तीनों बेटियों के शव ग्राउंड फ्लोर के दो अलग-अलग कमरों में मिले। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि चारों की सोते समय सिर पर भारी पत्थर से वार कर हत्या की गई।

- **पुलिस को मौके से हत्या में इस्तेमाल किए गए दो पत्थर व खून से सने पकड़े मिले**
- **पति पर हत्या का शक, सुबह जल्दी घर से निकला, वापस ही नहीं लौटा**

**सुबह पिता को चाय पिलाई, फिर हुआ फरार**

घर में 85 वर्षीय लक्ष्मीनाथ झा भी रहते हैं। पुलिस के अनुसार मृतका गीता के पति राहुल ने शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे दूधवाले से दूध लिया और पिता के लिए चाय बनाई। पिता को चाय पिलाने के बाद वह तैयार होकर घर से निकल गया और वापस नहीं लौटा। उसने अपना मोबाइल भी घर पर ही छोड़ दिया और फोन बंद था। बाद में बुजुर्ग पिता ने घर में खून देखा और पडौसियों को इसकी सूचना दी। पडौसियों ने पुलिस कंट्रोल रूम को जानकारी दी।

**पत्नी ब्यूटी पार्लर, राहुल शेयर ट्रेडिंग से जुड़ा :** प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राहुल झा शेयर ट्रेडिंग का काम करता था, जबकि गीता घर की पहली मंजिल पर ब्यूटी पार्लर चलाती थी। नंदनी पढ़ाई के साथ निजी नौकरी भी करती थी। राधिका 12वीं कक्षा और गिरीश उर्फ गौरी आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी। राहुल के पिता लक्ष्मीनाथ झा सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं और उन्हें पेंशन मिलती है। पड़ोसियों के अनुसार राहुल करीब तीन दिन पहले गुजरात से लौटा था। उसने एक पड़ोसी महिला से 50 हजार रुपए उधार मांगे थे, लेकिन उसे 25 हजार रुपए दिए गए थे। परिवार करीब छह साल पहले यह मकान खरीदकर यहां रहने लगा था। इससे पहले परिवार झोटवाड़ा में रहता था और वर्ष 2021 में गोविंदपुरी क्षेत्र में रहने लगा था।

**घरेलू विवाद की आशंका :** पुलिस प्रारंभिक तौर पर घरेलू कलह समेत विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घर में जबरन प्रवेश के स्पष्ट साक्ष्य नहीं मिले हैं और कीमती सामान भी सुरक्षित मिला है। राहुल के भाई संजय कुमार झा और भतीजे राज ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी तरह का विवाद नहीं था। उन्होंने बताया कि राहुल करीब तीन दिन पहले घर आया था और उस समय सभी ने साथ बैठकर खाना भी खाया था। डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि बुजुर्ग लक्ष्मीनाथ झा की उम्र अधिक है और उन्हें सुनने में भी परेशानी है, इसलिए उनसे ज्यादा जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

**अलग-अलग टीमें राहुल की तलाश में :** घटना के बाद जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर किसी को अंदर नहीं जाने दिया। एफएसएल टीम ने खून से सने कपड़ों सहित अन्य साक्ष्य जुटाए हैं।

चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। राहुल झा की तलाश के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जो उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद ही हत्या की वजह पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# दिल्ली में जयपुर फुट का दूसरा केंद्र शुरू

पूर्वी दिल्ली के मधु विहार में जयपुर फुट के दूसरे केन्द्र का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं बीएमवीएसएस के संरक्षक गणपत सिंह सिंघवी ने किया। इस मौके पर डॉ. डी.आर.मेहता व अन्य लोग मौजूद थे।

**जयपुर।** देश की राजधानी दिल्ली में दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए विश्व प्रसिद्ध "जयपुर फुट" की निर्माता संस्था भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति (बीएमवीएसएस) ने अपना दूसरा केंद्र शुरू कर दिया है। पूर्वी दिल्ली के मधु विहार स्थित इस केंद्र का उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं बीएमवीएसएस के संरक्षक गणपत सिंह सिंघवी ने किया।

नए केंद्र की स्थापना दिव्यांगों के कल्याण के लिए कार्यरत हैण्डीकेप वेलफेयर फैडरेशन (एचडब्ल्यूएफ) के सहयोग से की गई है। केंद्र के संचालन में फैडरेशन के भवन सहित अन्य सुविधाओं का उपयोग किया जाएगा।

- **पूर्वी दिल्ली के मधु विहार में दिव्यांगों को मिलेगा पुनर्वास का लाभ**

बीएमवीएसएस का दिल्ली में पहला केंद्र न्यू राजेन्द्र नगर के अहिंसा भवन में करीब 25 वर्षों से संचालित है। यहां दिल्ली-एनसीआर के साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के दिव्यांगों का पुनर्वास किया जाता है।

एचडब्ल्यूएफ भवन में आयोजित उद्घाटन समारोह में बीएमवीएसएस के संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक डी.आर. मेहता, फैडरेशन के अध्यक्ष सतीश कुमार मलिक, मानद सचिव डॉ. एमपीएस गांधी, बीएमवीएसएस दिल्ली के अध्यक्ष प्रेमेन्द्र राज मेहता, बीएमवीएसएस के मानद सचिव भूपेन्द्र राज मेहता सहित गणमान्य नागरिक और दिल्ली केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. डी.आर. मेहता ने कहा कि मधु विहार का नया केंद्र पूर्वी दिल्ली के साथ राष्ट्रीय राजधानी के अन्य क्षेत्रों के दिव्यांगों के लिए भी लाभकारी होगा। दिल्ली केंद्र में हर वर्ष 10 हजार से अधिक दिव्यांगों का पुनर्वास किया जाता है और यह जयपुर के बाद देश का सबसे बड़ा केंद्र है। दूसरे केंद्र के शुरू होने से दिव्यांगों को बेहतर और अधिक सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सपरिवार किया मतदान

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने भी डाला वोट

जयपुर (कासं)। नगर निगम चुनाव-2026 में भागीदारी निभाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सपरिवार एनडब्ल्यूआर ऑफिस के पास स्थित नवोदय शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज, गेटोर जगतपुरा में पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से लोकतंत्र के इस पर्व में अधिकाधिक भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अनिवार्य रूप से मतदान करने का आव्हान किया।



इसी तरह राज्यपाल हरिभाऊ बागडे प्रातः 10.40 बजे केशवनगर सामुदायिक भवन, हॉल लेफ्ट स्थित मतदान भवन पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्यपाल ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का पावन अवसर है। उन्होंने नगर निकाय आम चुनाव में मतदाताओं से निर्भीक एवं भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा अधिकाधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।

इसी प्रकार मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सुबह 9 बजे राजकीय सेठ आनंदी लाल पोद्दार बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, जेएलएन मार्ग, स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। इसके बाद मुख्य सचिव ने मतदान केंद्र पर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया और मतदान प्रतिशत की जानकारी भी ली।

# लूटपाट-तोड़फोड़ का मुख्य आरोपी 8 माह बाद गिरफ्तार

जयपुर। शिप्रापथ थाना पुलिस ने मानसरोवर स्थित शिप्रा बैंक्वेट हॉल एवं मैरिज गार्डन में दिनदहाड़े तोड़फोड़, लूटपाट और चोरी के मामले में 8 माह से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी मुख्य आरोपी प्रदीप शर्मा (47) निवासी ओधव जिला अहमदाबाद (गुजरात) को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि आरोपी प्रदीप शर्मा के खिलाफ शिप्रापथ थाने में मुकदमा दर्ज था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। जिस पर थानाधिकारी हितेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सहायता और आसूचना के आधार पर आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार किया। कार्रवाई में कांस्टेबल छोटू राम की विशेष भूमिका रही। टीम में कांस्टेबल मंगलज, प्रभास, जयदेव और नारायण शामिल रहे।

# सरकारी मशीनरी से लोकतंत्र पर प्रहार कर रही भाजपा : डोटासरा

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भाजपा पर निकाय चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और प्रत्याशियों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजस्थान में भी गुजरात मॉडल लागू करना चाहती है, जिसका मतलब जनप्रतिनिधियों को डराना-धमकाना, दबाव में लाना और भाजपा में शामिल करना है। डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार के कामकाज के आधार पर वोट मांगने के बजाय प्रशासन का दुरुपयोग कर निकाय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को डराने-धमकाने में जुटी है। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा को ऐसा क्या डर है कि प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी और खरीद-फरोख्त की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के प्रति आम जनता में रोष है और कांग्रेस निकाय चुनाव में जीत की स्थिति में है। इसी कारण भाजपा हार के डर से बौखला गई है और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। डोटासरा ने कहा कि सभापति का चुनाव 21 सितंबर को होना है, इसके बावजूद भाजपा सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल कर अधिकारियों के माध्यम से अभी से प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी करवा रही है।

- **कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा पर निकाय चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया**

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जिला अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निकाय चुनाव में जीत की संभावना रखने वाले निर्दलीय और अन्य प्रत्याशियों को चिन्हित किया जाए तथा उन पर दबाव बनाकर भाजपा की बाड़ेबंदी में पहुंचाया जाए।


**आम सूचना**

सर्व साधाराण का सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सलीम पुत्र वाहिद निवासी-180 करीम नगर खौ नागोरियान जामडोली जयपुर का पुत्र फईम उर्फ सलमान उनके कहने मे नहीं है, फईम उर्फ सलमान अपने माता पिता का कहना नही मानता है एवं लड़ाई-झगड़ा करता है। एक शादीशुदा महिला शबाना के बहकावे में है। इसलिये दिनांक 09.07.2026 को फईम को मौखिक रूप से बेदखल कर दिया था। इसलिये मेरे अभिभाष्या नें अपने पुत्र फईम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते हुए फईम से अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य मे कोई भी व्यक्ति एंव संस्था मेरे अभिभाष्या के पुत्र सलमान से कोई भी लेन देन संव्यवहार करेगा तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। सूचित रहें।

जयपुर (पी.एम खॉन) एडवोकेट
दिनांक 11/9/2026 मो.9351253799


# 21 हजार लड्डुओं से सजेगी गणपति की भव्य झांकी

**जयपुर।** चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महंत अमित शर्मा के सान्निध्य में होने वाले तीन दिवसीय आयोजन में मंदिर को विशेष लाइटिंग, फूल-बंदरवाल से सजाया जाएगा। जन्मोत्सव के दौरान हवन, 108 गणपति अथर्वशीर्ष के पाठ और सायंकाल दीपदान सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

12 सितंबर को 21 हजार लड्डुओं की भव्य झांकी सजाई जाएगी। लड्डुओं से सजे गणपति के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। 13 सितंबर को सिंजारा उत्सव होगा। इस दौरान 111 किलो मेहंदी प्रथम पूज्य को अर्पित कर महिला मंडल की ओर से बधाई गान किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं में मेहंदी वितरित की जाएगी।

14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के महापर्व पर भगवान गणेश को सोने के वर्क चढ़ाकर विशेष श्रृंगार किया जाएगा और छप्पन भोग की भव्य झांकी सजाई जाएगी। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन भी होंगे। गणपति जन्मोत्सव के दौरान धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भक्तिमय माहौल रहेगा और श्रद्धालु सुख-समृद्धि व मंगल की कामना करेंगे।

# राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां ने किया मतदान

## भाजपा का बोर्ड बनने से जयपुर को मिलेगी विकास की नई गति : पूनियां

**जयपुर।** नगर निगम चुनाव-2026 में भागीदारी निभाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं हरियाणा-पंजाब प्रभारी तथा राज्यसभा सांसद डॉ. सतीश पूनियां ने सपरिवार मतदान किया। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी अधिकाधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

डॉ. पूनियां ने धर्मपत्नी मोहिनी पूनिया के साथ निर्माण नगर स्थित ब्राइट फ्यूचर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश में भाजपा सरकारें विकास के लिए काम कर रही हैं। नगर निकाय चुनाव में भी भाजपा को जनता का जनादेश मिलने की उम्मीद है। पूनियां ने कहा कि जयपुर को विकास की नई गति देने के लिए मजबूत और सक्षम नगर निगम बोर्ड जरूरी है। उनके अनुसार केंद्र और प्रदेश में

भाजपा की सरकार होने का लाभ शहर के विकास को मिल सकता है। यदि नगर निगम में भी भाजपा का बोर्ड बनता है तो केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय के बीच बेहतर तालमेल के साथ विकास कार्यों को गति मिलेगी।

**दो निगमों में बांटने से प्रभावित हुआ शहर का विकास : पूनियां**

पूनियां ने कांग्रेस के पिछले कार्यकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जयपुर नगर निगम को दो हिस्सों में बांट दिया था। इससे शहर के समग्र और सुनियोजित विकास पर असर पड़ा। वार्ड स्तर से लेकर पूरे शहर के विकास की प्रभावी व्यवस्था नहीं बन सकी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की ओर से स्मार्ट सिटी के लिए उपलब्ध कराए गए बड़े बजट का भी अपेक्षित उपयोग नहीं हो पाया। अब जयपुर के समग्र विकास के लिए मजबूत नगर निगम बोर्ड की आवश्यकता है।

**13 हजार करोड़ की मेट्रो परियोजना का जिक्र**

डॉ. पूनियां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जयपुर को करीब 13 हजार करोड़ रुपए की नई मेट्रो परियोजना की बड़ी सौगात मिली है। इससे राजधानी की परिवहन व्यवस्था मजबूत होने के साथ ही शहर के विकास को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि जयपुर के विकास के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं। ऐसे में नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बनने पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय और तेजी आएगी।

**एक-एक वोट से तय होगा शहर का भविष्य**

मुख्यमंत्री और डॉ. पूनियां दोनों ने मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी की अपील की। पूनियां ने कहा कि प्रत्येक मत लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ जयपुर के बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मतदान केंद्रों पर नेताओं के परिवार सहित पहुंचने के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भी मतदान को लेकर उत्साह नजर आया।


**खोया पाया**

मेरे मकान 1/103 मालवीय नगर जयपुर का मूल डिक्लेरेशन मालवीय नगर में कहीं गिर गया है, मिलने पर सूचित करें- सुषमा मारू, 7733807882

अशोक कुमार शर्मा TERO GPA Sitaram भुतिया व्यावसायिक भूखंड Shop No. A4/251 ट्रांसपोर्ट नगर सीकर रोड़, जयपुर जिसकी रजिस्टरी ज्योति शर्मा के नाम करवा ली JDA Patta खो गया है मिलने पर सूचित करें- 9468286381

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: FJDA/Zone 11/2026/D-643 **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 245425 दिनांक 29.08.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | यू.नि.स. सं./निजी खातेदारी/जयविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Kaluram S/o Mahadev Ram एवं Jagdish Prasad Choudhary S/o Mahadev Nitharwal | श्री महादेव पुत्र श्री भोलू | 11/08/764 | 100.00 Sq. Meter | JDA | Ring Road Project (Zone-11) | Name Transfer | लीजडीड, मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व प्रमाण पत्र, वारिसान सीजि. हक त्याग पत्र इत्यादि के आधार पर |

Sector / Block- SIZE 100 Sqm (All Blocks)

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपति प्रस्तुत नहीं करने की दशा मे उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
क्रमांक: FJDA/Zone 11/2026/D-651 **आम सूचना**
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 322291 दिनांक 31.07.2026 को निम्नांकित भूखण्ड का Name Transfer जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | यू.नि.स. सं./निजी खातेदारी/जयविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Kaluram S/o Mahadev Ram एवं Jagdish Prasad Choudhary S/o Mahadev Nitharwal | श्री महादेव पुत्र श्री भोलू | 11/18/156 | 1250.00 Sq. Meter | JDA | Ring Road Project (Zone-11) | Name Transfer | लीजडीड, मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व प्रमाण पत्र, वारिसान सीजि. हक त्याग पत्र इत्यादि के आधार पर |

Sector / Block- SIZE 1250 Sqm (All Blocks)

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपति प्रस्तुत नहीं करने की दशा मे उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

**सूचना** मेरा अभिभाष्य रामकरण पुत्र भूराराम जाति जाट निवासी खुडियाला तहसील मौजमाबाद जिला जयपुर राज0 का निवासी है। मेरे अभिभाष्य के नाम की खातेदारी आराजी खसरा नम्बर 569 रकबा 3 बीघा 07 बिस्वा, आराजी खसरा नम्बर 570 रकबा 2 बीघा कुल किता 02 कुल रकबा 5 बीघा 07 बिस्वा भूमि वाके ग्राम दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर राज0 में स्थित है जिसका जरिये वसीयत एकमात्र खातेदार काश्तकार मेरा अभिभाष्य है जिससे किसी भी दीगर व्यक्ति का कोई सम्बंध सरोकार नही है। उक्त भूमि को मेरा अभिभाष्य किसी भी दीगर व्यक्ति को बैचान करने हेतु स्वतंत्र है अगर उक्त भूमि बावत कोई भी दीगर व्यक्ति किसी भी प्रकार से फर्जी या कुटरचित दस्तावेजों के आधार पर कोई कार्यवाही या हस्तांतरण करता है तो मेरा अभिभाष्य उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा तथा किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से उक्त भूमि बावत ऐतराज हो तो सूचना के 7 दिवस में मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवाये।

नन्दकिशोर मीणा, एडवोकेट
मो.न. 9079330368


# निकाय चुनाव बताएंगे कि सरकार ने ढाई साल में कितना काम किया : सचिन पायलट

## उन्होंने कहा कि "हाईकोर्ट की फटकार के बाद चुनाव हुए हैं, बीते 2 वर्षों से विकास थमा है"

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पंजाब प्रभारी एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने शुक्रवार को जयपुर में सिविल लाइंस क्षेत्र में केशव नगर सामुदायिक केन्द्र में मतदान करके निकाय चुनाव में भागीदारी निभाई। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि लंबे इंतजार के बाद राजस्थान में नगर पालिका, नगर परिषद और नगर निगम के चुनाव हाईकोर्ट की फटकार पर हुए हैं। अब ये चुनाव बताएंगे कि सरकार ने पिछले ढाई-तीन साल में कितना काम किया है।

पायलट ने आरोप लगाया कि सरकार ने विभिन्न बहाने बनाकर चुनाव टालने की कोशिश की। ग्राम पंचायतों के प्रधान और प्रमुख के चुनावों की घोषणा अभी नहीं हुई है, निकायों के चुनाव भी हाईकोर्ट की फटकार के बाद करवाने पड़े हैं। पिछले ढाई-तीन साल में बड़े शहरों में जिस तरह का विकास पहले हुआ करता था, वह अब थम गया है।

कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए पायलट ने कहा कि राजधानी जयपुर में ही दिनदहाड़े सेंट्रल पार्क से एक व्यक्ति का अपहरण हो गया। यदि राजधानी में यह स्थिति है तो ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों की स्थिति की कल्पना की जा सकती है।

पायलट ने दावा किया कि कांग्रेस ने निकाय चुनाव में डोर-टू-डोर कैंपेन किया और प्रत्याशी चयन से लेकर प्रचार तक पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मिलकर काम किया। प्रदेश कांग्रेस



कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट

0कमेटी ने नेताओं को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस इस बार पहले से ज्यादा सीटें जीतेगी।

### पंजाब में ड्रग्स और बेरोजगारी बड़ा मुद्दा

पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पायलट ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने उन्हें जिम्मेदारी दी है। उन्होंने पिछले दो-तीन दिनों में पंजाब के लगभग सभी नेताओं से मुलाकात की है और जल्द ही वहां औपचारिक चुनाव अभियान शुरू किया जाएगा।

- **पायलट ने कहा कि "राजधानी में दिनदहाड़े अपहरण की घटना ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा दिए हैं।"**

उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में ड्रग्स, कानून-व्यवस्था और बेरोजगारी सबसे बड़े मुद्दे हैं। उनके अनुसार सरकार ने राजनीतिक नेतृत्व को संरक्षण देने के अलावा जनता की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। पायलट ने कहा कि पंजाब के युवाओं का भविष्य अंधकार में है और बड़ी संख्या में युवा कनाडा, यूरोप और अमेरिका जाना चाहते हैं, जिससे गांवों के गांव खाली हो रहे हैं।

ड्रग्स के मुद्दे पर केंद्र सरकार को भी घेरते हुए पायलट ने कहा कि देश में 21 हजार करोड़ रुपए का कोकीन पकड़ा गया। उन्होंने सवाल उठाया कि देश में ड्रग्स कहां से आ रही हैं और सीमाओं की जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशामुक्त बनाने की जिम्मेदारी सत्ता में बैठे लोगों की है।

### अमरिंदर सिंह की वापसी को लेकर कोई चर्चा नहीं

कैप्टन अमरिंदर सिंह की वापसी को लेकर पायलट ने कहा कि इस विषय में न तो उनसे किसी ने चर्चा की है और न ही पार्टी ने उनसे कोई संवाद किया है। पंजाब में भाजपा और अकाली दल के संभावित गठबंधन पर उन्होंने कहा कि दोनों दल जमीन तलाशने के लिए एक-दूसरे का साथ लेने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने दावा किया कि मुख्य मुकाबला पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच होगा। पायलट ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अधिकांश सीटें कांग्रेस को मिली थीं और पंजाब के लोग राजनीतिक रूप से बेहद जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में होती है तो मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की परंपरा रही है, जबकि विपक्ष में नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और सभी वरिष्ठ नेता मिलकर चुनाव लड़ते हैं। चुनाव जीतने के बाद जिम्मेदारियां तय की जाती हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में भी पार्टी इसी परंपरा के अनुसार मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

पायलट ने कहा कि राजस्थान हो या पंजाब, पूरे देश का युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। शिक्षा, स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर, परीक्षाएं और बेरोजगारी आज सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर भविष्य देना राजनीति और नीति निर्माण की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म और जाति की राजनीति के नाम पर युवाओं से बार-बार वोट लेने की कोशिश अब सफल नहीं होगी। जनता उन लोगों से भी हिसाब मांगेगी जिन्होंने युवाओं के अरमानों को ठेस पहुंचाई और आवाज दबाने का काम किया।


**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**
प्रारूप 10 (नियम 6 (7) देखिए)
क्र.स. 13044 **लोक सूचना** दिनांक : 03.09.26

श्री गोविन्द प्रसाद गुप्ता पुत्र श्री शांति स्वरूप एवं श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी श्री गोविन्द प्रसाद गुप्ता जाति वैश्य निवासी कृष्णा नगर, भरतपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| भरतपुर | चक न. 03 | 233 | भरतपुर |
| भरतपुर | चक न. 03 | 224 | भरतपुर |
| भरतपुर | चक न. 03 | 233/3113 | भरतपुर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन ....(वर्ष)....(मास) के....दिन को जारी की जाती है।

श्रवण कुमार, प्राधिकृत अधिकारी, नगर निगम, भरतपुर

**नम्बर मिलाइए 8890333139**
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

Maharishi Arvind Institute of Science & Management
(Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RTU Kota & UOR Jaipur)
50 years
Ambabari Circle, Ambabari, Jaipur-302039
DIRECT / MANAGEMENT QUOTA ADMISSION 2026-27
MBA RMAP CODE: 331
MCA RMCAAP CODE: 2220
SUNDAY OPEN
100% Placement Assistance
Eligible Candidates may contact for admission on Direct/Management Quota seats on or before 14.09.2026 by 03:00 p.m. along with documents and fee.
For enquiry contact 0141-2335120, 2335487, 9929112374, 8696906801.
Lateral Entry Admission to the Third Semester of MBA & MCA courses is open.